**जनपद मुजफ्फरनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित फर्म मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0), नई दिल्ली एवं फर्म के अधीन कार्य करने वाले वैन्डर्स की समस्याओ के समाधान हेतु दिनॉक 10.01.2026 को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत:-**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया:-

1. श्री कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण, मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
2. श्री दीपक सोम, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन सेवक(अराजनैतिक)।
3. श्री विनीत त्यागी, राष्ट्रीय प्रवक्ता, भारतीय किसान यूनियन सेवक(अराजनैतिक)।
4. श्री संजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
5. श्री अंकित कुमार, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
6. श्री हेमराज, जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
7. श्री मनेन्द्र कुमार, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
8. श्री अरूण अग्रवाल, डारेक्टर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।
9. श्री दीपक राठी, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।
10. श्री संजीव त्यागी, जनरल मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।
11. प्रतिनिधि मै0 जेड एम0 बिल्डर्स।
12. प्रतिनिधि मै0 शेखर कॉन्ट्रेक्टर।
13. प्रतिनिधि मै0 एम0 ए0 कॉन्ट्रेक्टर।
14. प्रतिनिधि मै0 सादिक कन्स्ट्रक्शन।
15. प्रतिनिधि मै0 ब्रदर्स ग्रुप।
16. प्रतिनिधि मै0 रेह कन्स्ट्रक्शन।
17. प्रतिनिधि मै0 रियाजुदीन एन्टर प्राइजेज।
18. श्री रूद्र, ठेकेदार।
19. प्रतिनिधि मै0 ए0पी0 एन्टरप्राइजेज।
20. प्रतिनिधि मै0 लड्डू गोपाल।
21. श्री युनुस राणा।
22. प्रतिनिधि मै0 एस0आर0 कन्स्ट्रक्शन।
23. प्रतिनिधि मै0 ए0आर0 ट्रेडर्स।
24. प्रतिनिधि मै0 रविन्द्र एन्टरप्राइजेज।
25. प्रतिनिधि मै0 संगतपुरा टयूबवैल।
26. प्रतिनिधि मै0 शिव ट्रेडर्स।
27. प्रतिनिधि मै0 विश्वकर्मा कन्स्ट्रक्शन।
28. प्रतिनिधि मै0 सुबोध त्यागी कन्स्ट्रक्शन।

8|ER

Scanned with OKEN Scanner

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित फर्म मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0), नई दिल्ली एवं फर्म के अधीन कार्य करने वाले वैन्डर्स के भुगतान की समस्याओ के समाधान हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में दिनॉक 10.01.2026 को विभागीय अधिकारियो, सम्बन्धित वैन्डर्स एवं फर्म के प्रतिनिधियो के साथ विकास भवन सभागार में बैठक सम्पन्न की गई, जिसमें अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मुजफ्फरनगर में ग्रामीण पेयजल योजनाओ के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा चयनित एजेन्सी मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0), नई दिल्ली द्वारा कराये जा रहे है। उक्त कार्यो को करने हेतु फर्म द्वारा चयनित वैन्डर्स की भुगतान न करने की शिकायते जिला प्रशासन एवं अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) को निरन्तर प्राप्त हो रही है। उपरोक्त शिकायतो पर संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर द्वारा सभी वैन्डर्स का पक्ष सुनते हुए उसके सापेक्ष फर्म के अधिकारियो/कर्मचारियो का पक्ष भी सुना गया। अतः उक्तानुसार सम्बन्धित फर्म एवं वैन्डर्स के बीच निम्नानुसार बिन्दुओ पर सहमति बनी हैः-

1. जब तक सभी वैन्डर्स का अभिलेख मिलान नही हो जाता है तब तक सम्बन्धित फर्म को अपने स्टोर से किसी भी प्रकार की सामग्री ले जाने की अनुमति नही होगी।
2. जिन योजनाओ पर पाईप लाईन एवं सडक मरम्मत का कार्य पाईप लाईन टैस्टिंग कराकर पूर्ण कर लिया गया है, उन योजनाओ का बिल 90 प्रतिशत पर बनेगा।
3. जिन योजनाओ पर पाईप लाईन एवं सडक मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु पाईप लाईन टैस्टिंग का कार्य पूर्ण नही किया गया है, उन योजनाओ का बिल 70 प्रतिशत पर बनेगा।
4. 01 प्रतिशत लेबर सेस पर वर्तमान तक कोई सहमति नही बनी है।
5. पोर्टल 26 AS पर जितना टी0डी0एस0 जमा प्रदर्शित हो रहा है, उतना भुगतान वैन्डर्स को किया जायेगा।
6. बाउन्ड्रीवाल, पम्प हाउस के बिल जिस प्रकार बनाये गये है, उस पर सम्बन्धित फर्म एवं वैन्डर्स की सहमति है।
7. अभिलेख मिलान के दौरान सभी वैन्डर्स को सम्बन्धित फर्म से ली गई सामग्री का हिसाब देना होगा।
8. यदि फर्म द्वारा किसी योजना का भुगतान पूर्व में विभाग से प्राप्त कर लिया है, तो सम्बन्धित फर्म द्वारा अभिलेख मिलान करते हुए 10 से 15 दिनो के अन्दर भुगतान सम्बन्धित वैन्डर्स को करना होगा।
9. अभिलेख मिलान के दौरान नियत तिथि पर सम्बन्धित वैन्डर्स ही उपस्थित होंगे, इसके अतिरिक्त कोई भी वैन्डर अनावश्यक रूप से फर्म के कार्यालय में उपस्थित नही होगा।

8/ere

Scanned with OKEN Scanner

समीक्षा बैठक में सम्बन्धित फर्म मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0), नई दिल्ली का वैन्डर्स के भुगतान को लेकर सकारात्मक व्यवहार के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर के सानिध्य में फर्म एवं वैन्डर्स के द्वारा आपसी सहमति पर दिनाँक 10.01.2026 को धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

(अरूण अग्रवाल)
मैनेजिंग डारेक्टर
मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)
नई दिल्ली।

14/01/26
(संजय कुमार)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
मुजफ्फरनगर।

पृ0सं0 244 / 108 / 03 दिनाँकः- 14/01/2026

ई-मेल द्वारा

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उक्त विषयक सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता(मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मेरठ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सहारनपुर।
6. जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर।
7. मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।

Scanned with OKEN Scanner